जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 09.10.2024

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना दुधारा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना धनघटा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 116 वाहनों से 1,20,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया**

में उकसा शव मिला है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मेरा लड़का नशे की हालत में पोखरे में गिरकर डूबने के कारण उसकी मृत्यू हो गयी है। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा पंचायतनामा व अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शान्ति व्यवस्था की कोई समस्या नही है। सूचनार्थ सादर प्रेषित है।

थाना महुली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की 01 अदद डीवीआर व 53000 रु के साथ 02 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी धनघटा ***श्री अजय सिंह*** के नेतृत्व में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु थानाध्यक्ष महुली ***श्री हरेश तिवरी*** द्वारा गठित टीम द्वारा मु0अ0सं0 351/2024 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना महुली से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01- आनन्द शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी नाथनगर बड़का पुरवां 02- दीपक दूबे पुत्र रामकेश दूबे निवासी चंवरिया थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को 01 अदद डीवीआर व 53000 रु के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 01.10.2024 को थाना महुली पर दिनांक 30.09.2024 की रात्रि में वादी के पंजाब नेशनल बैंक वी0सी0 केन्द्र भगवानपुर पूर्वी चौराहे से एक अदद डीवीआर व 53000 रु0 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। थाना महुली द्वारा वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त अभियुक्तो को दिनांक 08.10.2024 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

***बरामदगी का विवरण*–** 01 अदद डीवीआर व 53000 रु0।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण - उ0नि0 श्री अमित कुमार, का0 सन्नी यादव, का0 अरविन्द यादव ।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 01 स्थान पर लगवाये गये 05 सीसीटीवी कैमरे

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे ***आपरेशन त्रिनेत्र*** हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में आज दिनांक 09.10.2024 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 01 स्थान पर 05 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना महुली पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 05 कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।